# सीएमसीएलडीपी छात्र के प्रयासों से रोग मुक्त हुआ गांव

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत प्रथम वर्ष में अध्ययनरत् शहपुरा विकासखंड जिला डिण्डौरी के छात्र लक्षमण सिंह मार्को ने अपने ग्राम उमरिया एवं मगरटगर ग्राम को रोगमुक्त ग्राम बनाया। ग्राम में पांच विकलांग एवं सात लोग गंभीर बीमारी से ग्रसित थे, जिसमें चार लोग हृदय रोग के एवं तीन लोग लकवा के मरीज थे। इसी तरह 17 लोग दमा, खासी त्वचा रोग से पीड़ित थे। इस तरह ग्राम के 27 रोगियों का छात्र लक्षमण सिंह मार्को ने घर–घर जाकर चिन्हांकन कर सूचीबद्ध किया।

रोगियों का निशुल्क उपचार– छात्र लक्षमण सिंह मार्को ने बनवासी कल्याण केन्द्र बरगांव में स्वास्थ्य शिविर में उक्त 27 रोगियों को ले जाकर जबलपुर, भोपाल एवं अन्य जिलों से आये हुये वरिष्ठ चिकित्सकों के द्वारा जांच परीक्षण कराकर दवाईयों का वितरण कराया गया। साथ ही दिव्यांगजनों को ट्राईसिकिल, बैसाखी, कृत्रिम अंग, आंख के लिये चश्मे, श्रवण यंत्र इत्यादि दिलवाये गये। साथ ही ग्राम के दो विकलांगता प्रमाण पत्र भी छात्र द्वारा बनवाया गया।

उपचार पश्चात वर्तमान स्थिति– ग्राम के उक्त 27 रोगियों का निशुल्क उपचार कराये जाने के पश्चात ग्राम



में गंभीर रूप से बीमारियों से ग्रसित रोगी स्वस्थ हो गए हैं, विकलांग लोगों को उपकरण प्राप्त होने पर उनकी कठिनाईया दूर हुई हैं। इस तरह ग्राम रोग मुक्त हो गया है। छात्र के कार्यों की प्रशंसा स्वास्थ्य शिविर में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते एवं खाद्य आपूर्ति श्रम मंत्री श्री ओमप्रकाश धुर्वे द्वारा सराहना की गई।